

डॉ. मैलस्वामि अण्णादुरै
Dr. Mylswamy Annadurai



पद्म श्री
Padma Shri



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए
Receiving the decoration from the President

डॉ. मैलस्वामि अण्णादुरै

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) उपग्रह केन्द्र के निदेशक डॉ. मैलस्वामि अण्णादुरै एक उत्कृष्ट वैज्ञानिक हैं।

2. आपका जन्म 02 जुलाई, 1958 को हुआ। आपने वर्ष 1980 में राजकीय प्रौद्योगिकी कॉलेज, कोयम्बटूर से अभियांत्रिकी में स्नातक की उपाधि, वर्ष 1982 में पी एस जी प्रौद्योगिकी कॉलेज, कोयम्बटूर से एप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक्स में परास्नातक तथा अन्ना विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। आपने वर्ष 1982 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में कार्य करना आरंभ किया। आपने आई आर एस–1ए तथा आई एन एस ए टी–2 मिशनों के लिए साफ्टवेयर सैटेलाइट सिमुलेटर को डिजाइन करने और विकसित करने हेतु दल के पथ प्रदर्शक के रूप में आई एस ए सी में अपने कॅरिअॅर की शुरूआत की। वर्ष 1992–2005 की अवधि के दौरान आप इसरो की मिशन टीम के अग्रणी सदस्य बन गए तथा मिशन निदेशक के रूप में आठ 'इनसैट' मिशनों का प्रबंध कार्य देखा। एस/सी अभियानों के लिए ग्राउण्ड आटोमेशन प्रदर्शित करने हेतु आपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आपने टेली–एजूकेशन के लिए प्रथम उपग्रह "एजूसैट" के लिए एसोसिएट परियोजना निदेशक के तौर पर भी अपना योगदान किया।

3. चन्द्रयान–1 के परियोजना निदेशक के रूप में आपने भारत के प्रथम चन्द्र–मिशन में उल्लेखनीय योगदान किया। इस परियोजना की अभिनवकारी लागत क्षम डिजाइन, अंतर–राष्ट्रीय सहयोग तथा चन्द्रमा पर जल की ऐतिहासिक खोज के लिए प्रतिष्ठित स्पेस पायनियर पुरस्कार, 2009 सहित आपको कई सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त हुए। आई आर एस/एस एस एस के प्रोग्राम निदेशक के रूप में आपने प्रतिष्ठित एवं अंतर–राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त मार्स आरबिटर मिशन का नेतृत्व किया। उत्तम योजना ने 15 माह के रिकार्ड समय में अत्याधुनिक अंतरिक्ष यान (एम ओ एम) को साकार रूप देने में मदद की। आपने मंगल मिशन के लिए ऑटोनमी फीचर्स को परिभाषित किया जो कि डीप स्पेस मिशन विकसित करने की एक क्रांतिक प्रौद्योगिकी है। आपके यान–गतिकी एवं मिशन प्रबंधन के ज्ञान ने यथार्थ उपाय खोजने और मार्स आरबिटर मिशन को सटीक रूप से मार्शियन कक्षा में प्रवेश कराने में सहायता प्रदान की। इससे उपग्रह केन्द्र के निदेशक के रूप में आपने एक वर्ष में रिकार्ड 10 उपग्रहों को वास्तविक रूप प्रदान किया। भावी भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान मिशन जैसे 'चन्द्रयान–2' तथा सूर्य के अध्ययन के लिए 'आदित्य मिशन' की दिशा में आपके प्रयास जारी हैं।

4. आपको अनेक पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुए जिनमें इसरो ऑफ द्वारा उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार (2014) तथा टीम एक्सलेंस पुरस्कार (2007), पांच विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि, मदुरै कामराज विश्वविद्यालय द्वारा प्रख्यात वैज्ञानिक पुरस्कार, पेरियार विश्वविद्यालय, सलेम से सर सी. वी. रमन पुरस्कार हरिओम आश्रम प्रीरिट विक्रम साराभाई अनुसंधान पुरस्कार (2004), पी आर एल अहमदाबाद, कर्नाटक सरकार द्वारा राज्योत्सव विज्ञान पुरस्कार (2008), अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑव एयरोनॉटिक्स एंड ऐस्ट्रोनॉटिक्स स्पेस सिस्टम पुरस्कार 2009, एस आई ई एस नेशनल एमिनेन्स अवार्ड फॉर साइंस, 2009, एच के फिरोडिया अवार्ड फॉर साइंस एंड टेक्नोलोजी, 2009, राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पुरस्कार, 2011, सत्यभामा विश्वविद्यालय, चेन्नैय सदस्य, इन्टरनेशनल लूनर नेटवर्क इनेबलिंग टेक्नोलोजीज ग्रुप, बोइंग एशिया–अमेरिका प्रोफेशनल एसोसिएशन, यू एस ए से प्रशंसा प्रमाण–पत्र, "कैयारूके नीला"' पुस्तक के लिए सी पी ए अदिथानार साहित्य पुरस्कार, 2012, लारेल्स, टीम अचीवमेंट चन्द्रयान–1, रामकृष्ण मिशन द्वारा विवेकानन्द मानव उत्कृष्टता पुरस्कार, 2014 तथा के.सी. कॉलेज, मुंबई द्वारा प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पुरस्कार आदि प्रमुख हैं। आपकी उपलब्धियों की प्रशस्ति के रूप में, आपके योगदानों और जीवन का विशेष उल्लेख करते हुए तमिलनाडु की 10वें स्तर की विज्ञान की पाठ्य पुस्तक में एक अध्याय समाविष्ट किया गया है।

Dr. Mylswamy Annadurai

Dr. Mylswamy Annadurai, Director, ISRO Satellite Centre, is an outstanding scientist.

2. Born on July 02, 1958, Dr. Annadurai received his Bachelor of Engineering from Government College of Technology, Coimbatore in 1980,Post Graduate in Applied Electronics from PSG College of Technology, Coimbatore in 1982 and PhD from Anna University. He joined Indian Space Research Organization (ISRO) IN 1982. He began his career at ISAC as the team leader to design and develop the Software Satellite Simulator for IRS-1A and INSAT-2 Missions. During the period 1992-2005, he became the lead member of ISRO's Mission Team and managed Eight INSAT Missions as the Mission Director. He played a pivotal role to bring out ground automation for S/C operations. He also contributed for the first Satellite dedicated for tele-education, Edusat, as its Associate Project Director.

3. Dr. Annadurai, as Project Director Chandrayaan-1, has made significant contribution to the India's first Lunar Mission. The Project has won many appreciations and awards including the prestigious Space Pioneer Award, 2009 for its innovative cost effective design, international co-operation and the historical discovery of water on the Moon. As Programme Director, IRS/SSS, he spear headed the prestigious and internationally acclaimed Mars Orbiter Mission (MOM). Ingenious planning helped to realize State-of-the-art spacecraft (MOM) in a record time of 15 months. He defined the autonomy features for Mars mission which is a critical technology developed for deep space missions. His knowledge in Flight Dynamics and Mission management aided in precise maneuvering and injecting the Mars Obiter Mission into the Martian orbit accurately. As Director, ISRO Satellite Centre, he ensured realization of record Ten satellites in a year. Efforts towards future Indian space science missions like Chandrayaan-2, the Aditya mission to study the Sun are being steered by him.

4. Dr. Annadurai is the recipient of numerous awards and honours notable among them are : Service Excellence Award (2014) and Team Excellence Award (2007) from ISRO Doctor of Science, conferred by five Universities, Eminent Scientist Award, from Madurai Kamaraj University, Sir C.V. Raman Award from Periyar University, Salem, Hari Om Ashram Prerit Vikram Sarabhai Research Award (2004), PRL, Ahmedabad, Rajyotsava Award for Science (2008) from Govt. of Karnataka, American Institute of Aeronautics and Astronautics Space Systems Award, 2009, SIES National Eminence Award for Science, 2009, HK Firodia Award for Science and Technology, 2009, National Science and Technology Award, 2011, Sathyabama University, Chennai, Member International Lunar Network Enabling Technologies Group, Certificate of Appreciation from Boeing Asia-America Professional Association, USA, C.PA. Adithanar Literary Award, 2013 for the book, "Kaiyaruke Nila", Laurels, Team Achievement Chandrayaan-1, Vivekananda Human Excellence Award, 2014 from Ramakrishna Missions and Distinguished Scientist Award by KC College, Mumbai, 2015 and etc. To mark a tribute to the achievements of Dr. Annadurai, a chapter highlighting his contributions and life has been introduced in the 10th Standard Science Text book of Tamil Nadu.